Title: Need to run Chambal Express train between Howarh and Agra daily and extend it upto Delhi- Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, इलाहाबाद, मानिकपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, झांसी, ग्वालियर होते हुए हावड़ा और आगरा के बीच चलने वाली चम्बल एक्सप्रेस ट्रेन विगत कई र्वाो से सफलतापूर्वक चल रही है। परन्तु लम्बी दूरी की यह ट्रेन सप्ताह में दोनों ओर से केवल चार-पांच दिनों तक चलती है इस कारण साधारण यात्रियों को यह पता लगाने में कठिनाई होती है कि अमुक रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन किस तारीख में किस दिशा को जायेगी। जब यह ट्रेन प्रतिदिन चलेगी तो लोगों को स्पट जानकारी रहेगी और नियत समय पर किसी स्टेशन से किसी दिशा की ओर यात्री आसानी से यात्रा कर सकेंगे और कठिनाई दूर हो जायेगी। इसी प्र ाकार यह ट्रेन कुछ दिनों में ग्वालियर तथा कुछ दिनों में आगरा तक चलती है। यात्रियों को यह हिसाब लगाने में भी कठिनाई होती है कि यह ट्रेन किस दिन ग्वालियर और किस दिन आगरा तक जायेगी। इसीलिए यह आवश्यक है कि यात्रियों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए इस ट्रेन को सप्ताह में प्रतिदिन चलाया जाये। साथ ही साथ इस ट्रेन को आगरा से बढ़ाकर निजामुद्दीन अथवा दिल्ली तक चलाया जाये।